# Govt. Women's Polytechnic, Jamshedpur.
(Established by the department of Higher & Technical EducationGovt. of Jharkhand)
Near Gamharia Thana, Gamharia, Jamshedpur-832108
Permanent Institute ID- 1-462735411
e-mail:-gwpjamshedpur@gmail.com


## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

संस्थानीय सूचना संख्या का ज्ञापांक 709 दिनांक 08.07.2025 के आलोक में लिए गए निर्णय के आधार पर राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर के संस्थान के मुख्य भवन एवं छात्रावास में अवस्थित सिवर की सफाई बाथरूम की दरवाजों की मरम्मती, नालियों की साफ-सफाई एवं **Plumbing** आदि कार्य हेतु दिनांक 08.07.2025 से 14.07.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा सिल बन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है :-

आवश्यक शर्तें :-

1. निविदा सिल बन्द लिफाफे में मुहर के साथ होनी चाहिए।
2. निविदा के साथ **Assesment Year 2023-24** एवं **2024-25** का आयकर रिटर्न, **GST** प्रमाण पत्र, **GST** रिटर्न की अद्यतन विवरणी एवं पैन संख्या देना होगा।
3. **Labour Licence** का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा का निर्णय जिस प्रतिष्ठान के पक्ष में होगा उसे 15 दिनों के अन्दर कार्य पूरी करनी होगी।
5. किय जाने वाले कार्यों के अवलोकन/जाँचोपरांत ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
6. सभी तरह का सर्विस चार्ज/वाहन खर्च संवेदक की होगी।
7. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त करने/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित है।
8. संवेदक को इस आशय का कोर्ट द्वारा अभिप्रमाणित पत्र देना होगा की उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के दौरान मजदुरों या कर्मियों के साथ किसी भी तरह की घटना-दुर्घटना, जान-माल का नुकसान होने पर संस्थान की जिम्मवारी नही होगी। साथ ही संस्थान के सामानों का किसी भी तरह का नुकसान होने पर उसकी भरपाई संवेदक को करनी होगी।
9. कुल विपत्र पर नियमानुसार आयकर आदि की कटौती कर ही भुगतान की जायेगी।
10. निविदा में दर समान होने की स्थिति में स्थानीय निविदादाता को प्राथमिकता दी जायेगी। स्वीकृत निविदादाता को सामग्री की आपूर्ती आदेश में दिये गये शर्तो के अधीन ही कार्य करना होगा।
11. प्राप्त सभी निविदा को दिनांक 15.07.2025 के अप0 12:30 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जाएगी, जिसमें निविदाकर्ता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

ह0/-
प्राचार्य
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर

ज्ञापांक- 713

दिनांक- 09/07/2025

प्रतिलिपि:-

1. उपायुक्त कार्यालय, सरायकेला-खरसावाँ के सूचना पट्ट।
2. उपायुक्त कार्यालय, जमशेदपुर के सूचना पट्ट।
3. प्रखण्ड कार्यालय, गम्हरिया के सूचना पट्ट।
4. राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर के मुख्य सूचना पट्ट।
5. संस्थानीय **Website- www.gwpjsr.ac.in** पर प्रकाशित।

8/7/25

प्राचार्य
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर

08/07/2025
08.07.25